हरिभूमि

# जांजगीर-चांपा भूमि

बिलासपुर, शनिवार 19 अप्रैल 2025

अकलतरा | बलौदा | नवागढ़ | पामगढ़ | मालखरौदा | जैजैपुर | डभरा | सक्ती

DHEERAA

*Launching*

# SKYLLA

SO CLOSE YET SO FAR

Premium 3 BHK Apartments

Beside Jain International School, Sakri Road, Bilaspur (C.G.)

19th & 20th April' 25 | 10Am Onwards

Exclusive 10+ Amenities

Modern & Vastu Compliant Design

Paranomic View Apartments

PCGRERA1103250001892





77999- 57000

AdPRAYAS

## खबर संक्षेप

### नेशनल हेराल्ड घोटाले मामले को लेकर भाजपा ने किया विरोध प्रदर्शन



**जांजगीर-चांपा।** भारतीय जनता पार्टी जिला जांजगीर चाम्पा व जिला भाजपा युवा मोर्चा द्वारा कांग्रेस पार्टी का पूतला दहन नगर के कचहरी चौंक मे किया गया। जिलाध्यक्ष अंबेश जांगड़े ने कांग्रेस पार्टी और गांधी परिवार पर नेशनल हेराल्ड घोटाले को लेकर गंभीर आरोप लगाए। उन्होंने प्रवर्तन निदेशालय द्वारा दाखिल चार्जशीट के आधार पर इसे देश की संपत्ति की लूट और जनता के विश्वास के साथ विश्वासघात बताया।चार्जशीट में कांग्रेस नेतृत्व सोनिया गांधी, राहुल गांधी, सैम पित्रोदा और सुमन दुबे को मनी लॉन्ड्रिंग जैसे गंभीर अपराधों में आरोपी बनाया गया है। उन्होंने बताया कि 661 करोड़ की सार्वजनिक संपत्ति को मात्र 50 लाख में यंग इंडियन लिमिटेड को ट्रांसफर किया गया, जिसमें गांधी परिवार की 76 प्रतिशत हिस्सेदारी है। उन्होंने कहा कि यह सिर्फ आर्थिक भ्रष्टाचार नहीं, बल्कि एक सुनियोजित षड्यंत्र है, जिसने पत्रकारिता के नाम पर ली गई जमीनों का व्यावसायिक दोहन किया। श्री जांगड़े ने कहा कि गांधी परिवार की संपत्तियों की गहन और निष्पक्ष जांच की जाए। दोषियों को सख्त सजा मिले। भ्रष्ट नेताओं को राजनीति से बाहर किया जाए। जिसके विरोध में शुक्रवार को भारतीय जनता युवा मोर्चा छतीसगढ़ के सभी जिला मुख्यालयों में कांग्रेस कार्यालय का घेराव कर सोनिया गांधी व राहुल गांधी के पुतले का दहन किया। उक्त पूतला दहन कार्यक्रम मे सोशल मीडिया के प्रदेश प्रभारी प्रशांत सिंह ठाकुर, नगरपालिका उपाध्यक्ष मोहन यादव, मोर्चा के प्रदेश उपाध्यक्ष जितेंद्र देवांगन, नंदनी रजवाड़े, मंडल अध्यक्ष हितेश यादव, जिला उपाध्यक्ष विवेका गोपाल, अभिमन्यु राठौर, युवा मोर्चा के जिलाध्यक्ष मुकेश जायसवाल, अनराग तिवारी, अमित यादव, शिव चमन ठाकुर संतोषी दुबे, दिनेश राठौर, राहुल सेन, विवेक सिंह, मोतीलाल डहरिया, प्रेम थवाईत प्रदीप सोनी, रितेश अग्रवाल, प्रदीप राठौर सहित कार्यकर्ता उपस्थित थे।

### छत्तीसगढ़ गौरव रत्न से सम्मानित हुई पोर्ट्रेट आर्टिस्ट नेहा



**जांजगीर-चांपा।** इशिका लाइफ फाउंडेशन के द्वारा जिला मुख्यालय के हाईस्कूल मैदान में 15 अप्रैल को आयोजित कार्यक्रम में जांजगीर-नैला की पोर्ट्रेट आर्टिस्ट नेहा शर्मा को छत्तीसगढ़ गौरव रत्न से सम्मानित किया गया है। आर्टिस्ट नेहा शर्मा पूर्व पार्षद स्व. पवन शर्मा वार्ड नं.9 जांजगीर की बहु एवं बिजनेसमेन व समाजसेवी अनुराग शर्मा की धर्मपत्नी है। नेहा के पति भी इनका टैलेंट की सराहना करते हुए साथ देते है। कार्यक्रम में प्रमुख अंतरराष्ट्रीय ख्याति प्राप्त प्रसिद्ध भजन गायिका शहनाज अख्तर द्वारा सामाजिक सांस्कृतिक एवं कला के क्षेत्र में ख्याति प्राप्त लोगों का सम्मान किया गया। इसी क्रम में पोर्ट्रेट आर्टिस्ट नेहा शर्मा जांजगीर का भी छत्तीसगढ़ गौरव रत्न से सम्मान किया गया। कार्यक्रम के अतिथि के रुप में उपस्थित मनोज पाण्डे ने कहा कि यह हमारे समाज के लिए बड़ी गौरव की बात है कि ब्राह्मण समाज जांजगीर-नैला की बेटी को छत्तीसगढ़ गौरव रत्न से सम्मानित किया गया है।

### चौरसिया समाज का सम्मेलन में छग के अलावा 6 राज्यों से प्रतिनिधि हुए शामिल

**चांपा।** सहयोग, शिक्षा, और संस्कार ही समाज को संगठित करता है इसलिए नेतृत्व करने वाले लोगों को समाज के कमजोर लोगों के प्रति सहयोग की भावना पहले होनी चाहिए। उक्त बातें चौरसिया वेलफेयर सोसाइटी छत्तीसगढ़ द्वारा रायपुर मे आयोजित युवक युवती परिचय सम्मेलन मे अतिथि के रूप मे उपस्थित रायपुर के सांसद बृजमोहन अग्रवाल ने कही। चौरसिया वेलफेयर सोसाइटी के सम्मेलन मे भाग लेकर लौटे अनंत थवाईत ने बताया कि छत्तीसगढ़ के अलावा 6 राज्यों से बरई , चौरसिया, थवाईत तंबोली पंसारी, महोबिया कुमरावत मोदी मंडल, जायसवाल के नाम से जानने पहचानने वाले लगभग दो हजार प्रतिनिधियों को संबोधित करते हुए सांसद बृजमोहन अग्रवाल ने कहा कि चौरसिया वेलफेयर सोसाइटी द्वारा बरई समाज के सभी घटकों को एक मंच पर लाने का प्रयास सराहनीय है। संगठन ही समाज और देश के विकास मे महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। अनंत थवाईत ने आगे बताया कि अतिथियों ने सामाजिक पत्रिका मैना का लोकार्पण भी किया। सम्मेलन मे आए सभी अतिथियों के अलावा समाज के प्रतिनिधियों को रुद्राक्ष माला एवं चौरसिया वेलफेयर सोसाइटी नाम अंकित किया हुआ स्मृति चिन्ह भेंट किया गया। अनंत थवाईत ने आगे बताया कि रायपुर के श्री बालाजी सालासर मंदिर परिसर मे आयोजित इस परिचय सम्मेलन मे विवाह योग्य चालीस युवक युवतियों ने मंच पर आकर अपना स्वयं का तथा अपने परिवार का परिचय दिया.अनेक परिवारों के बीच वैवाहिक संबंध बनाने की दिशा मे सार्थक चर्चा भी हुई।

बरसात पूर्व नालियों का होगा निर्माण, लोगों को समस्याओं से मिलेगी निजात

# पार्षदों के साथ सीएमओ ने वार्ड का किया निरीक्षण, दिए आवश्यक निर्देश

हरिभूमि न्यूज ⏭ अकलतरा

मुख्य नगर पालिका अधिकारी संजय सिंह के द्वारा शुक्रवार 18 अप्रैल को वार्ड न. 11 का निरीक्षण कर वार्ड में निर्माण कार्यों के लिए दिशा निर्देश दिया गया।

वार्ड पार्षद श्रीमती शेख सितारा मनोज टंडन ने बताया कि वार्ड के यादव भवन से अंबेडकर चौक तक की नली का भूमि पूजन, समसुल के घर से लेकर बनारसी के घर तक का आर सी सी नाली निर्माण का भूमि पूजन, हरीश अग्रवाल के घर से बुधराम के घर तक का नाली निर्माण का भूमि पूजन व केवट टेंट हाउस से अभिषेक मिश्रा के घर तक का सीसी रोड निर्माण के लिए भूमि पूजन एक सप्ताह के अंदर किया जाना तय हुआ है। इसके साथ ही वार्ड केबिहारी ताम्रकार से भोको यादव के घर होते हुए पीपल चौरा तक के नाली का साफ- सफाई एवं मरम्मत कार्य , यादव भवन से लेकर अंबेडकर चौक तक के मुख्य नाली का नया निर्माण कार्य किया जाना है। इन सभी कार्यों के लिए शुक्रवार मुख्य नगर पालिका अधिकारी संजय सिंह के द्वारा वार्ड नंबर 11 का निरीक्षण कर इंजीनियर एवं कर्मचारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिया गया। अकलतरा नगर पालिका परिषद सी.एम.ओ. संजय सिंह एवं पार्षद तथा नगर पालिका के अधिकारी एवं वार्ड वासियों के साथ औचक निरीक्षण किया गया। पार्षद शेख सितारा मनोज टंडन एवं सीएमओ संजय सिंह के द्वारा वार्ड वासियों को बरसात के पूर्व सभी नालियों का निर्माण कर वार्ड की समस्याओं का समाधान करने की बात कही गई। इस अवसर पर सतीश भारते, भुरु यादव ,बिहार ताम्रकार,भोको यादव , लक्ष्मीकांत यादव,टाइगर यादव ,संजू यादव, भागवत यादव, उमेश यादव ,मालू यादव, नंद यादव, रवि ताम्रकार ,इस्माइल खान, कल्पना साहू, विजय खाडेल, अज्जू महाराज, रमेश रात्रे , ईश्वर यादव एवं समस्त मोहल्ले एवं वार्डवासी उपस्थित थे।



पार्षदों के साथ वार्ड नंबर-11 का निरीक्षण करते मुख्य नगरपालिका अधिकारी।

# राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगता में 73 वर्षीय परसराम ने जीता तीन स्वर्ण पदक

हरिभूमि न्यूज ⏭ अकलतरा

दिल्ली में आयोजित राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिता में तीन स्वर्ण पदक जीतने वाले 73 वर्षीय धावक परसराम गोंड़ के नगर आगमन पर नगर वासियों द्वारा भव्य स्वागत करते हुए बैंड बाजे के साथ नगर भ्रमण किया गया।

- नगर आगमन पर किया गया बैंड बाजे के साथ भव्य स्वागत

दिल्ली में हुई मास्टर एथलेटिक्स प्रतियोगिता में 1500, 3000 और 5000 मीटर दौड़ में पहला स्थान प्राप्त कर स्वर्ण पदक जीतने वाले 73 वर्षीय परसराम गौड के साउथ बिहार एक्सप्रेस से नगर पहुंचने पर रेलवे स्टेशन के बाहर वरिष्ठ नागरिक मंच के अध्यक्ष रामेन्द्र सिंह चौहान, वेल विशर फाउंडेशन की कोषाध्यक्ष रंजना सिंह, पार्षद पुरुषोत्तम नामदेव और बरेठ ने पुष्पगुच्छ और माला पहनाकर स्वागत किया। रामेन्द्र सिंह चौहान ने कहा कि परसराम गोंड ने 73 वर्ष की उम्र में गोल्ड मेडल जीतकर नगर और राज्य का नाम पूरे देश में ऊंचा किया है। रंजनासिंह ने बताया कि वे पूरे देश में होने वाली मैराथन दौड़ों में हिस्सा लेकर लगातार मेडल जीत रहे हैं। वे वेल विशर फाउंडेशन के सदस्य हैं और सामाजिक कार्यक्रमों में सक्रिय रहते हैं। स्वागत कार्यक्रम में अनिल सिंह, बाल रवि सिंह चौहान, घनश्याम राजवाड़े, गोवर्धन साहू, गौतम साहू, सतीश मानिकपुरी, सौरभ सिंह, मनोज साहू और ऋषभ तिवारी उपस्थित रहे। बैंड-बाजे के साथ परसरामगोंड को रेलवे स्टेशन से भगवान परशुराम मार्ग, ठाकुर छेदीलाल बैरिस्टर सब्जी मार्ग, शास्त्री चौक, पोस्ट ऑफिस रोड, आजाद चौक, अंबेडकर चौक होते हुए उनके निवास तक ले जाया गया। रेस्ट हाउस के सामने नगर पालिका अध्यक्ष दीप्ति सारथी और रोहित सारथी ने स्वागत किया। जानकी लाल लिखमानिया धर्मशाला के सामने पार्षद विजय खांडेल, इरशाद बाबा, राजनकेड़िया और बल्ली पांडेय ने स्वागत किया। शास्त्री चौक में नगर पालिका उपाध्यक्ष दिवाकर राणा, पार्षद राज सिंह, राजेश जैन, मनोज टंडन और नगरवासियों ने स्वागत किया। आजाद चौक में रविंद्र साहू, पुष्पेंद्र साहू, अंकित सिंह सिसोदिया और आदित्य सिंह चौहान ने स्वागत किया। इस अवसर पर परसराम गोंड की पत्नी अर्चना गोंड और पुत्र ओमप्रकाश राज भी उपस्थित रहे।



नगर आगमन पर स्वागत करते नगरवासी।

# पूर्व नेता प्रतिपक्ष चंदेल जन्मदिन पर विभिन्न कार्यक्रमों में होंगे शामिल

हरिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर-चांपा

छ.ग. विधानसभा के पूर्व नेता प्रतिपक्ष एवं प्रदेश भाजपा के वरिष्ठ नेता नारायण चंदेल शनिवार 19 अप्रैल को अपने जन्मदिन के अवसर पर क्षेत्र व अंचल में आयोजित अनेक कार्यक्रमों में शामिल होंगे।



श्री चंदेल प्रातः 9 बजे नहरिया बाबा मंदिर नैला जाएंगे। मंदिर में पूजा-अर्चना कर मत्था टेकेंगे एवं क्षेत्र के सुख, शांति व समृद्धि की कामना करेंगे। तदुपरांत वे सुबह 10 बजे से दोपहर 2 बजे तक जांजगीर-नैला रेल्वे स्टेशन के समीप अपने जनसंपर्क कार्यालय में जिले व अंचल के भाजपा कार्यकर्ताओं एवं आम नागरिकों से भेट करेंगे तथा इसी बीच क्षेत्र में चयनित अग्निवीरों का सम्मान भी करेंगे। तदुपरांत वे शाम 4 बजे वृद्धाश्रम खोखरा जाएंगे। वहां वृद्धजनों से आशीर्वाद प्राप्त करेंगे तथा सभी को मिष्ठान व फल का वितरण करेंगे। इसके बाद वे सोठी आश्रम जाएंगे वहां सिद्धी विनायक मंदिर में पूजा-अर्चना करेंगे तथा वहां फल व मिष्ठान वितरण करेंगे। श्री चंदेल जांजगीर के देवी दाई मंदिर सहित क्षेत्र व अंचल के अनेक मंदिरों में जाकर मत्था टेकेंगे व आशीर्वाद प्राप्त करेंगे। भारतीय जनता पार्टी व भाजपा युवा मोर्चा सहित अनेक संगठनों ने श्री चंदेल के जन्मदिन के अवसर पर अपनी ओर से अनेक कार्यक्रम आयोजित किये है। श्री चंदेल इस दिन अनेक धार्मिक आयोजनों में भी शामिल होंगे।

**खास बात**

- जंजगीर-नैला स्टेशन चौक स्थित अपने जनसंपर्क कार्यालय में कार्यकर्ताओं व आम जनता से करेंगे भेट

# राजस्व पटवारी संघ जांजगीर-चांपा के निर्विरोध जिलाध्यक्ष बने धर्मेंद्र

हरिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर-चांपा

राजस्व पटवारी संघ जिला जांजगीर चांपा के जिलाध्यक्ष, सचिव एवं कोषाध्यक्ष का चुनाव ज्ञान रोशनी कॉलेज, स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स के पीछे, केन्द्रीय विद्यालय के पास, खोखरा, जांजगीर में निर्वाचन अधिकारी सुधीर पंडा एवं संतोष पटेल के द्वारा संपन्न कराया गया। जिसमें जिलाध्यक्ष के पद पर धर्मेंद्र यादव पुनः निर्विरोध निर्वाचित हुए, सचिव के पद पर संदीप कुमार राठौर एवं कोषाध्यक्ष पद पर प्रमोद कश्यप निर्विरोध निर्वाचित हुए। तीनों पदों पर निर्विरोध निर्वाचन होने पर जिले के पटवारियों में उत्साह का माहौल है। इस अवसर पर पंचराम वस्त्रकार, शिव शर्मा, गोपाल राठौर, लक्ष्मी तिवारी, पतिराम श्रीवास, भूषण मरकाम, शोभनाथ पाण्डेय, कृष्ण कुमार कश्यप, परमलाल कुम्हार, मोहन साहू, ज्योतिष सर्वे, अशोक बंजारे, विश्वनाथ नोनिया, रविन्द्र कश्यप, प्रशन सिंह ठाकुर, विजय टंडन, इंदूराज, अमृत लाल, दिलीप चन्द्र, गजानंद साहू, ऋषि मिश्रा, किशोर सिदार, प्रतीक राठौर, नरेंद्र पटेल, हेमचंद तिवारी, टिकेंद्र दीवान, अजय देवांगन, मोहन बनर्जी, मनीराम कश्यप, प्रदीप देवांगन, प्रकाश राठौर, सुदेश शांडिल्य, देवेंद्र साहू, रंजीत जांगड़े, सतीश राठौर, कृष्ण कुमार राठौर, लोचन साव, कमल साहू, अनिल शर्मा, संजय शांडिल्य, सुरेश पंडा, मोहन कौशिक, डानेंद्र राठौर, देवेश अम्बस्ट, अंकित साहू, शैलेन्द्र राठौर, लक्ष्मीनारायण राठौर, चंद्रशेखर कश्यप, अरविंद राठौर, कमलकांत महतो, बलराम पांडे, नितेश ठाकुर, नरेंद्र टंडन, समरजीत राज, राजकुमार साहू, हितेश साहू, मिथलेश सोनी, हरीश कश्यप, सूरज नर्मदा, सुषमा सिंह, रजनी बंजारे, सावित्री दर्वे, आराधना पाटनवार, श्रद्धा जांगड़े, सरिता कंवर, श्वेता राठौर, पुष्पांजलि तंबोली, तोशिबा देवांगन, कल्याणी कश्यप, चंचला चंद्रा, सरस्वती कश्यप, खुशबू तिवारी, सहित जिले के सभी पटवारी उपस्थित रहे।

- संदीप राठौर को सचिव एवं प्रमोद कश्यप को मिली कोषाध्यक्ष की जिम्मेदारी



नवनिर्वाचित जिलाध्यक्ष का स्वागत करते पटवारीगण।

# नगर पालिका अध्यक्ष ने किया डिजनीलैंड मेले का शुभारंभ



**जांजगीर-चांपा।** जिला मुख्यालय जांजगीर के हाई स्कूल मैदान में 17 अप्रैल की शाम डिजनीलैंड मेला सह मीना बाजार का शुभारंभ हुआ। नगर पालिका जांजगीर-नैला की अध्यक्ष चित्ररेखा देवा गढ़ेवाल ने पूजा-अर्चना करने के बाद फीता काटकर मनोरंजन मेले का विधिवत शुभारंभ किया। इस दौरान प्रमुख रूप से भाजपा नेता देवा गढ़ेवाल, जिले के वरिष्ठ पत्रकार उपेंद्र तिवारी, छत्तीसगढ़ पेंशनर संघ के जिला पदाधिकारी केसी राठौर, डिजनीलैंड मनोरंजन मेला के संचालक उमेश गुप्ता, नियाज मंसूरी व रईस अहमद विशेष रूप से मौजूद रहे। डिजनीलैंड मनोरंजन मेला के शुभारंभ अवसर पर नगर पालिका जांजगीर-नैला की अध्यक्ष चित्ररेखा देवा गढ़ेवाल ने कहा कि ग्रीष्मकालीन अवकाश के दौरान मनोरंजन मेले के आयोजन से माहौल खुशनुमा हो जाता है। बच्चों से लेकर बड़ों तक के लिए यह सबसे अच्छा मनोरंजन पार्क है। उन्होंने आगे कहा कि जिला मुख्यालय जांजगीर में 30 दिन तक रोजाना शाम 4 बजे से रात्रि 10 बजे तक हर उम्र के लोग यहां आकर भरपूर मनोरंजन पा सकते हैं। लोगों के मनोरंजन के लिए यहां दर्जनों प्रकार के झूले लगाए गए हैं। इसके साथ ही विभिन्न प्रांतों की चीजों के 50 से अधिक स्टॉल लगे हैं। इस दौरान मेला संचालक उमेश गुप्ता व नियाज मंसूरी ने बताया कि मेला परिसर में मोबाइल से संबंधित सामान, घर के साफ-सफाई की सामग्री, किचन वेयर, वास्तु के सामान, कंगन-चूड़ी और परिधान, कांच के आइटम, खाद्य सामग्री के स्टाल आदि लगाए गए हैं, जिसकी खरीदारी लोग कर सकेंगे। लोगों के मनोरंजन के लिए इस मेले में ब्रेक डांस झूला, टावर झूला, टोरा-टोरा झूला, ड्रैगन झूला सहित बच्चों के लिए अनेक प्रकार के झूले जैसे मिकी माउस, हेलीकॉप्टर झूला, थ्री-वन झूला, ट्रेन झूला लगाए गए हैं। इसके साथ ही खाना खजाना का भी स्टॉल लगाया गया है। मेला एक माह तक रोजाना शाम 4 बजे से रात 10 बजे तक खुला रहेगा।

### हनुमान जन्मोत्सव पर 11 सौ बत्ती से महाआरती

**जांजगीर-चांपा।** श्री दक्षिण मुखी हनुमान मंदिर रेस्ट हाउस के सामने जांजगीर में हनुमान जन्मोत्सव मनाया गया। मंदिर के पुजारी पं किरण कुमार मिश्रा ने जानकारी दी की इस वर्ष हनुमान जन्मोत्सव पर शुक्रवार 11 अप्रैल को शाम 7 बजकर 43 मिनट पर दीप प्रज्वलन किया गया। 488 हनुमान भक्तौं के द्वारा हनुमान जी को संकट निवारण दीपदान दिया गया। सुबह से ही मंदिर में भक्तों की लाईन लगी रही। रात्रि 12 बजे तक भक्त हनुमान जी की दर्शन करते रहे। 3 बजे से ही हनुमान जी को खीरप्रसाद अर्पण कर प्रसाद वितरण किया गया। शाम 7 बजे मीठाजल शरबत वितरण किया गया। मंदिर के सामने भक्तौ के द्वारा चाकलेट बिस्किट बुदीं वितरण किया गया। 12 बजे संकट निवारण का हवन एवं रात्रि 9 बजे पुर्णाहुति का कार्यक्रम सम्पन्न हुआ। शनिवार को शाम 6:30 बजे सेन्दुराभिषेक एवं शाम 7 बजे हनुमान जी को भव्य आतिशबाजी के साथ 11 सौं बत्ती से महाआरती की गई ।

जाँजगीर मार्केट

संजीवनी SPRHC फिज़ियोथेरेपी एवं पाईल्स क्लीनिक
पाईल्स बवासीर भगंदर पथरी (बिना ऑपरेशन)
• फ्रेक्चर, प्लास्टर ऑपरेशन के बाद जोड़ो का दर्द, जकड़न, ना मुड़ना
• कमर, गर्दन, कंधा, घुटना, एड़ी का दर्द
• सियाटिका, वात, लकवा (हाथ, पैर, मुंह)
• नसों से संबंधित दर्द
डॉ. श्रीमती ममता साहू BAMS, MS (Surgery), CGO (Nagpur)
डॉ. योगेश साहू (P.T.) BPT, MPT (Ortho.), CMT, DNHE
परशुराम चौक, डॉ. चन्द्रा हॉस्पिटल के बगल गली में चाम्पा
MO. 9691553615

TOP IN JANJGIR

जिले में 55 बिस्तरों का राजकेसर मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल
शिशु एवं बाल्यरोग विभाग — 24x7 इमरजेंसी सुविधा उपलब्ध
डॉ. दिलीप जैन M.B.B.S, D.N.B, I.D.P.C.C.M

जिले में 55 बिस्तरों का राजकेसर मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल
यूरोलॉजी विभाग (मूत्र एवं किडनी रोग)
डॉ. प्रदीप जैन M.B.B.S, M.S, MCh Urology (Mumbai)
सुविधाएं: दूरबीन पद्धति से मूत्ररोग के सभी बिमारियों का ईलाज एवं ऑपरेशन

जिले में 55 बिस्तरों का राजकेसर मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल
दंत रोग विभाग
डॉ. सुमिता जैन B.D.S, M.D.S-Orthodontics & Dentofacial Orthopedics (GOLD MEDALIST), M.F.H

जिले में 55 बिस्तरों का राजकेसर मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल
स्त्री एवं प्रसूति रोग विभाग
24/7 EMERGENCY SERVICES
सुविधाएं: सोनोग्राफी की सुविधा प्रसवपूर्व जाँच एवं परामर्श

जिले में 55 बिस्तरों का राजकेसर मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल
जनरल सर्जरी, हड्डी रोग एवं ट्रॉमा विभाग

पता: पोस्ट ऑफिस के सामने, अकलतरा रोड, बलौदा, जिला- जांजगीर चाम्पा (छ.ग.) पंजीयन हेतु न. 07817-296002, 8226056005, इमरजेंसी 7999640661

HEALTH TOWN

अहलूवालिया हॉस्पिटल
नेमीचंद गली, रामसागर पारा, प्रभाट टॉकीज के पास, स्टेशन रोड रायपुर
0771-4050006, 81031 28515
डॉ. एस.के. अहलूवालिया M.B.B.S., DLO
डॉ. गौरव अहलूवालिया M.B.B.S., D.N.B.-ENT, M.N.A.M.S.
नाक,कान, गला विभाग
• सिर, मुख एवं गले का कैन्सर।
• ऑपरेशन द्वारा ईलाज
• नाक की प्लास्टिक सर्जरी
चक्कर की जॉच
एलर्जी
Dental & Consmetic Treatments
• टेढ़े मेढ़े दांतो को सीधा करना
• दांतो की नसों का इलाज
• दांतों की सफाई व चमकाना
• दंत प्रत्यारोपण
• मुंह के कम खुलने का इलाज
(Hearing Aids) सुनाई मशीन

तापमान

अधिकतम 38.0 डिग्री

न्यूनतम 24. 0 डिग्री

हरिभूमि

# जांजगीर-चांपा भूमि

बिलासपुर, शनिवार, 19 अप्रैल 2025

अकलतरा | बलौदा | नवागढ़ | पामगढ़ | मालखरौदा | जैजैपुर | डभरा | सक्ती


6 तनौद-भुईगांव पहुंच मार्ग जर्जर, बारिश में कीचड़ व गर्मी में धुल से राहगीर परेशान



## खबर संक्षेप

### धूप में निकलने से पहले चेहरे को ढंक कर रखे

**जांजगीर-चांपा।** हिट वेव जिसे सामान्य भाषा में लू चलना कहा जाता है, जब वातावरण का तापमान 40°C या 104°F से ज्यादा हो तो हीट वेव (लू) की स्थिति उत्पन्न होती है, इसका असर बच्चों, बुजुर्गों एवं गंभीर लक्षण बीमारी वाले लोगों में सर्वाधिक होता है। इसमें सिर में भारीपन और दर्द का अनुभव होना, तेज बुखार के साथ मुंह का सूखना, चक्कर और उल्टी आना, कमजोरी के साथ शरीर में दर्द होना तापमान अधिक होने के बावजूद पसीने का ना आना, अधिक प्यास लगना और पेशाब कम आना, भूख कम लगना, बेहोश होना। धूप में निकलने से पहले सर व कानों को कपड़े से अच्छी तरह से बांध लें, पानी अधिक मात्रा में न पीयें, अधिक पसीना आने की स्थिति में ओ.आर.एस. घोल पीयें, चक्कर आने पर चिकित्सक की सलाह लें। जरूरी काम होने पर घर से बाहर निकले।

### सोसायटियों के पुनर्गठन पर 23 तक दावा आपत्ति आमंत्रित

**जांजगीर-चांपा।** जिले में 01 नवीन प्राथमिक कृषि साख सहकारी सोसायटी अस्तित्व में आने जा रही हैं। पुनर्गठन के प्रस्ताव पर संबंधित सदस्य, सोसायटियाँ, बैंक शाखा एवं अन्य द्वारा 23 अप्रैल तक अपनी दावा-आपत्तियाँ तीन प्रतियों में कार्यालय उपायुक्त सहकारिता एवं उप पंजीयक सहकारी संस्थाएं, जांजगीर-चांपा के समक्ष प्रस्तुत कर सकते हैं। योजना से संबंधित विस्तृत जानकारी संबंधित मूल समिति का कार्यालय शाखा प्रबंधक, जिला सहकारी केंद्रीय बैंक मर्यादित बिलासपुर शाखा शिवरीनारायण, कार्यालय नोडल अधिकारी, जिला सहकारी केंद्रीय बैंक मर्यादित बिलासपुर प्रक्षेत्र एवं कार्यालय उपायुक्त सहकारिता एवं उप पंजीयक सहकारी संस्थाएं जिला जांजगीर-चांपा के सूचना पटल पर अवलोकन कर सकते है।

### आवास प्लस 2.0 नाम जोड़ने का विशेष पखवाड़ा 30 तक

**जांजगीर-चांपा।** पीएम आवास योजना (ग्रामीण) के अंतर्गत आवास प्लस 2.0 के प्रभावी क्रियान्वयन के लिए छत्तीसगढ़ सरकार ने 30 अप्रैल तक मोर दुआर-साय सरकार महाअभियान के अंतर्गत विशेष सर्वेक्षण पखवाड़ा का आयोजन शुरू किया गया है। कलेक्टर आकाश छिकारा ने संबंधित अधिकारियों को जिले में स्थायी प्रतीक्षा सूची एवं पूर्व की आवास प्लस सूची में छूटे हुए पात्र ग्रामीण परिवारों की पहचान कर उन्हें योजना का लाभ दिलाने के निर्देश दिए।

### अलग-अलग जगहों में पुलिस की दबिश, 3 गिरफ्तार

**जांजगीर-चांपा।** अलग अलग जगहों से अवैध शराब बिक्री करने वाले 3 आरोपियों को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। आरोपियों के कब्जे से 15 लीटर अवैध कच्ची महुआ शराब, 40 पाव देशी प्लेन सहित अंग्रेजी शराब को जब्त किया है। तीनों आरोपियों के विरूध्द धारा 34 (2) आबकारी एक्ट के तहत कार्यवाही कर भेजा गया। इसी क्रम में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक उमेश कश्यप के कुशल मार्गदर्शन में थाना अकलतरा व चौकी नैला पुलिस द्वारा मुखबिर सूचना पर डीएसपी कविता ठाकुर एवं एसडीओपी प्रदीप कुमार सोरी के नेतृत्व में रेड कार्यवाही किया गया। जिसमें थाना अकलतरा क्षेत्र में आरोपी जयकुमार निर्मलकर उम्र 25 साल निवासी पोड़ीदलहा थाना अकलतरा के कब्जे 8 लीटर अवैध कच्ची महुआ शराब एवं आरोपी एन कुमार सूर्यवंशी उम्र 37 साल निवासी वार्ड न. 19 नायकटांड अकलतरा के कब्जे से 7 लीटर अवैध कच्ची महुआ शराब एवं चौकी नैला क्षेत्र में आरोपी दीपक कुमार सूर्यवंशी उम्र 35 साल के कब्जे से 40 पाव देशी प्लेन शराब व अंग्रेजी शराब बरामद किया जाकर आरोपियों के विरुद्ध आबकारी एक्ट के तहत अपराध कायम किया गया।

# बदला मौसम का मिजाज, अंधड़ से कई पेड़ हुए धराशायी, बारिश से आई ठंडकता

## कई मार्गों पर आवागमन अवरुद्ध, चरमराई बिजली सप्लाई व्यवस्था

हरिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर-चांपा

शुक्रवार को दोपहर बाद मौसम का मिजाज अचानक बदला। तेज हवाओं के साथ कई जगहों पर बारिश भी हुई। इधर अंधड़ से कई पेड़ धराशायी हो गए। जिससे आवागमन अवरूद्ध हो गया। वहीं बिजली के तार टूटने और खंभा गिरने से ग्रामीण इलाकों में बिलजी सप्लाई व्यवस्था भी ठप हो गई।

**गोधना।** जिले के नवागढ़ क्षेत्र में अंधड़ का कहर कई ग्रामों में देखने को मिला। आदर्श ग्राम गोधना में अंधड़ से कई पेड़ गिर गए। जिससे ग्रामवासियों को काफी नुकसान उठाना पड़ा। भाठापारा मोहल्ला में सड़क किनारे विशालकाय नीम का डंगाल टूटकर गिर गया। शुक्र है कि उस समय कोई नहीं था, अन्यथा बड़ा हादसा हो जाता। हालांकि पेड़ व डंगाल गिरने से इस क्षेत्र में आवागमन घंटों बाधित रहा। स्थानीय जनप्रतिनिधियों और ग्रामीणों की मदद से सड़क पर गिरे पेड़ और डंगालों को हटाकर आवागमन को सुचारू कराया गया। इधर बिजली के तार टूटने और खंभा गिरने से नवागढ़ क्षेत्र के कई गांवों में बिजली सप्लाई बाधित रही।





गोधना- पोड़ी पहुंच मार्ग हुआ अवरुद्धगोधना से पोड़ी की ओर जाने वाले मुख्य संपर्क मार्ग में कई स्थानों पर बबुल के पेड़ आंधी के चलते गिर पड़े, जिससे आवागमन बाधित हो गया। तेज हवाओं के कारण गौठान में लगाए गए टीन और शेड उड़कर लगभग 200 मीटर दूर जा गिरे। इससे गौठान की संरचना को काफी क्षति पहुंची है। वहीं, गौठान परिसर में खड़े कुछ जानवरों को भी चोटें आने की खबर है। पेड़ की शाखाएं गिरने से दो से तीन बिजली के खंभे भी टूटकर गिर गए, जिससे बिजली आपूर्ति बाधित हो गई।

**बिर्रा।** बिर्रा सहित अंचल में तेज आंधी तूफान आने एवं बूंदाबांदी होने से विद्युत व्यवस्था पूरी तरीका से चरमरा गई। तकरीबन तीन दर्जन गांवों में तेज आंधी तूफान आने के कारण बिजली व्यवस्था बाधित हो गया। बिजली उपकरण कूलर, पंखे, पानी मोटर पंप के नहीं चलने से विद्युत उपभोक्ताओं को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। इधर विद्युत विभाग के कर्मचारियों के उदासीन रवैया से विद्युत उपभोक्तागण खासे नाराज दिखे।

## शादी विवाह के सीजन में आवागमन की समस्या

# दर्जन भर से अधिक गाड़ियां रद्द, रेल यात्री हो रहे परेशान

हरिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर-चांपा

जिले से होकर गुजरने वाली दर्जनो ट्रेनो को रद्द कर दिया गया है। जिसके चलते रेलयात्रियो की परेशानी बढ गई है। ऊपर से शादी का सीजन होने के कारण लोग वैवाहिक कार्यक्रमों में शामिल होने पहुंचते है और ट्रेन कैंसिल होने से उनकी परेशानी बढ़ जाती है। ऐसे में उन्हें मजबूरीवश अन्य साधनों के माध्यम से यात्रा करने की मजबूरी बन जाती है।

गौरतलब है कि जांजगीर चाम्पा जिले से होकर गुजरने वाली दर्जनो ट्रेन रद्द कर दी गई है। जिसके चलते शादी के सीजन में रेल के माध्यम से आवागमन करने वाले रेल यात्रियो की परेशानी और भी बढ गई है। जांजगीर चाम्पा जिले के चाम्पा, जांजगीर नैला, एवं अकलतरा प्रमुख रेल्वे स्टेशन है। इनमें से चाम्पा रेल्वे स्टेशन में कई प्रमुख सुपर फास्ट ट्रेनो का स्टापेज है। इनमें से अपडाऊन की दर्जनो ट्रेनो को रेल मंडल के द्वारा रद्द कर दिया गया है। जिसके चलते रेल यात्रियो की परेशानी और भी बढ गई है। बताया जा रहा है। रेल्वे कनेक्टीवीटी एवं अधोसंरचना कार्य के चलते यात्री गाडियों को रद्द किया गया है। जिन ट्रेनो को रदद किया गया है। उनमें 13 से 26 अप्रैल के बीच मुंबई हावडा एवं हावडा मुंबई गीताजंलि सुपर फास्ट, 17 से 24 अप्रैल के मध्य पुरी इंदौर एवं इंदौर पूरी, 18 से 21 अप्रैल के मध्य गांधीधाम पूरी एवं पूरी गांधीधाम सुपर फास्ट, 16 से 19 अप्रैल के बीच जोधपुर पुरी एंव पुरी जोधपुर सुपर फास्ट, इसी प्रकार रायगढ से होकर निजामुददीन तक जाने वाली गोंडवाना सुपर फास्ट, ट्रेन को 16 से 24 अप्रैल तक रद्द किया गया है। इसके अलावा रायगढ एवं बिलासपुर के मध्य चलने वाली फास्ट एवं लोकल ट्रेनो को रद्द किया गया है। जिसके चलते रेल यात्रियो की परेशानी बढ गई है। बताया जा रहा है कि इन दिनो रेल पटरी विस्तार कार्य चल रहा है। जिसके चलते अधोसंरचना कार्य के साथ कनेक्टीवीटी कार्य को बढाया जा रहा है। जिसके चलते रेल यात्रियों की परेशानी और भी बढ गई है। जांजगीर नैला, चाम्पा एंव अकलतरा जिले का प्रमुख रेल्वे स्टेशन होने के चलते प्रतिदिन जांजगीर क्षेत्र के बनारी, सिवनी नैला, धाराशिव, पेन्ड्री, सरखो, खोक्सा, इसी प्रकार चाम्पा क्षेत्र से कोसमंदा, कुरदा, कमरीद, अफरीद, हथनेवरा, वही अकलतरा क्षेत्र के रहने वाले अमरताल, तरौद, बनाहिल, मुडपार, कापन सहीत अन्य गांव के लोग बडी संख्या मे ट्रेन के माध्यम से ही आवाजाही करते है। ऐसे में ट्रेन रदद होने के चलते रेल यात्रियो की परेशानी और भी बढ गई है। इसके अलावा मॉडल रेलवे स्टेशन में दिव्यांगों के लिए रैम्प की समुचित व्यवस्था अब तक नहीं बन पाई है। जिसके चलते उन्हें मजबूरन अन्य लोगों का सहारा लेकर ट्रेन पकड़ने की मजबूरी बनी रहती है।



जांजगीर नैला रेलवे स्टेशन में ट्रेन का इंतजार करते यात्री

**दी जाती है सूचना**

रेल्वे में अधोसंरचना एंव कनेक्टीवीटी कार्य के चलते सुपरफास्ट एवं लोकल ट्रेनो को रद्द किया गया है। इस बात की जानकारी रेल यात्रियों को दी जाती है।

-विघा विनय कुमार
मुख्य स्टेशन मास्टर
जांजगीर नैला

# पीआईएल के फर्नेस ब्लास्ट में झुलसे जीएम की उपचार के दौरान मौत

## गंभीर स्थिति को देखते हुए हैदराबाद किया था रेफर

हरिभूमि न्यूज ⏭ चांपा

पीआईएल फर्नेस ब्लास्ट में झुलसे जीएम की उपचार के दौरान मौत हो गई। वहीं घटना में गंभीर रूप से घायल तीन श्रमिकों का उपचार हैदराबाद में चल रहा है। घटना 12 अप्रैल की है।

इस संबंध में पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार स्थानीय प्रकाश इंडस्ट्रीज लिमिटेड के महाप्रबंधक अनूप चतुर्वेदी की शुक्रवार 18 अप्रैल को सुबह उपचार के दौरान डीआरडीओ हैदराबाद में मौत हो गयी। वे विगत 12 अप्रैल को अपरान्ह 4 बजे हुए फर्नेस ब्लास्ट हादसे में बुरी तरह झुलस गये थे । हादसे में कुल 13 लोग झुलस गये थे जिनमें से 9 का उपचार रायपुर में तथा 3 का उपचार हैदराबाद में चल रहा है। उल्लेखनीय है कि शनिवार 12 अप्रैल को अपरान्ह 4 बजे प्रकाश इंडस्ट्रीज लिमिटेड के 15 टन ओल्ड फर्नेस में हुए ब्लास्ट के कारण कुल 13 लोग बुरी तरह झुलस गये थे। इनमें प्लांट के महाप्रबंधक अनूप चतुर्वेदी 53 वर्ष भी शामिल थे। इनके सहित अन्य 3 लोगों की गंभीर स्थिति को देखते हुए उन्हें बेहतर उपचार के लिए एयर एंबुलेंस से डीआरडीओ हैदराबाद भेजा गया था। इनमें से प्लांट के महाप्रबंधक अनुप चतुर्वेदी (53 वर्ष) ने शुक्रवार 18 अप्रैल को सुबह 7 बजे इलाज के दौरान दम तोड़ दिया। अब तक मामले में पुलिस ने औद्योगिक स्वास्थ्य एवं सुरक्षा विभाग के निरीक्षक राहुल पटेल की रिपोर्ट पर कारखाना प्रबंधक उदय सिंह एवं अधिभोगी संजय जैन सहित अन्य के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता की धारा 287,289 और (3),5 के तहत जुर्म दर्ज किया है। हादसे में मृत जीएम अनूप चतुर्वेदी प्लांट के कार्यपालिक निदेशक ए.के. चतुर्वेदी के चचेरे भाई बताये जाते है ।



### नाबालिग से शादी का झांसा देकर दैहिक शोषण, गिरफ्तार

**जांजगीर-चांपा।** नाबालिक बालिका को शादी का झांसा देकर दैहिक शोषण करने वाला आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। मामला नवागढ़ थाना का है। इस संबंध में मिली जानकारी के अनुसार नाबालिक 25 जनवरी को घर पर नहीं थी। पतासाजी नहीं चलने पर इसकी सूचना रिपोर्ट दर्ज कराई गई। आरोपी मनीष कुमार चंद्रा निवासी किरीत को हिरासत में लेकर घटना के संबंध में पूछताछ करने पर शादी करने का झांसा देकर लगातार दैहिक शोषण करना बताए जाने पर गिरफ्तार कर 18 अप्रैल को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर भेजा गया।

# कार्यस्थल पर तनाव से निजात दिलाने एसपी कार्यालय में कार्यशाला

हरिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर-चांपा

कार्यस्थल पर होने वाले तनाव से निजात दिलाने को लेकर एसपी कार्यालय जांजगीर में जिला चिकित्सालय के डॉक्टरों द्वारा तनाव से मुक्त करने को लेकर पुलिस विभाग के अफसरों के साथ कर्मचारियों को आवश्यक टिप्स दिए।

ज्ञात हो कि कार्यशाला के दौरान उपस्थित पुलिस के अधिकारी कर्मचारियों को तनाव में निजात पाने के संबंध में विस्तृत जानकारी गुरूवार 17 अप्रैल को जिला अस्पताल जांजगीर के डाक्टरों के द्वारा दिया गया। कार्यस्थल पर होने वाले तनाव से निजात दिलाने को लेकर एसपी कार्यालय जांजगीर में जिला चिकित्सालय के डॉक्टरों द्वारा तनाव से मुक्त करने को लेकर पुलिस विभाग के अफसरों के साथ कर्मचारियों को आवश्यक टिप्स दिए। उल्लेखनीय है कि पुलिस विभाग के अधिकारी एवं कर्मचारियों को तनाव से निजात दिलाने के उद्देश्य से कार्यशाला का आयोजन रखा गया था।उपरोक्त कार्यक्रम में मुख्य लिपिक दिनेश शर्मा सहित पुलिस कार्यालय जांजगीर में कार्यरत अधिकारी एवं कर्मचारीगण उपस्थित रहे।



कार्यशाला में तनाव से निजात दिलाने दिए टिप्स।

# 5 किलो गांजा के साथ आरोपी को पुलिस ने धर दबोचा

हरिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर-चांपा

5 किलो गांजा के साथ पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार किया है। जब्त गांजा की कीमत 1 लाख रुपए बताई जा रही है। मामला शिवरीनारायण थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम तुस्मा का है।

**खास बातें**

- शिवरीनारायण पुलिस व सायबर सेल की संयुक्त कार्रवाई

इस संबंध में पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार जिला पुलिस जांजगीर चांपा द्वारा अवैध मादक पदार्थ गांजा बिक्री पर अंकुश लाने के लिए बिक्री करने वालो के विरूद्ध लगातार कार्रवाई की जा रही हैं। शिवरीनारायण व सायबर टीम को मुखबीर सूचना मिला कि तुस्मा का हरीश साहू मोटर सायकल बजाज पल्सर में एक बोरी में पेट्रोल टंकी के ऊपर रखकर अवैध गांजा लेकर ग्राहक की तलाश में घुम रहा है। सूचना पर तत्काल रेड कार्यवाही किया गया। आरोपी के कब्जे से 5 किलो 122 ग्राम गांजा को जब्त किया गया। जब्त गांजा की कीमत 1 लाख रुपये एवं परिवहन में उपयोग किये बजाज मोटर सायकल कीमती व एक मोबाइल को बरामद किया जाकर आरोपी के विरुद्ध धारा 20 (बी), एन.डी.पी.एस. एक्ट का अपराध पंजीबद्ध कर आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर भेजा गया। उपरोक्त कार्यवाही निरीक्षक भास्कर शर्मा थाना प्रभारी शिवरीनारायण साइबर सेल प्रभारी निरीक्षक सागर पाठक, सउनि विवेक सिंह, प्रधान आरक्षक मनोज तिग्गा आरक्षक प्रदीप दुबे, अर्जुन यादव, शाहबाज खान एवं थाना शिवरीनारायण से सउनि प्रमोद महार, नरेंद्र शुक्ला, प्रधान आरक्षक तारिकेश पाण्डेय आरक्षक द्वारिका साहू, लीलाराम साहू प्रतीक सिंह, प्रवीण साहू का योगदान रहा।



जब्त गांजा के साथ पुलिस गिरफ्त में आरोपी।

## चांपा के हनुमान धारा में खनिज विभाग की टीम ने की कार्रवाई

# रेत उत्खन में लगा चेन माउंटेन सील, ट्रैक्टरों की बनाई जब्ती

हरिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर-चांपा

चांपा के हनुमानधारा हसदेव नदी में उत्खनन कार्य में लगे चेन माउंटेन मशीन को खनिज विभाग की टीम ने सील कर दिया। वहीं परिवहन में लगे दो ट्रैक्टरों की जब्त करने की कार्रवाई की गई।

गौरतलब है कि जिले में रेत के अवैध उत्खनन और परिवहन का सिलसिला कही थमने का नाम नहीं ले रहा है। इस पर रोक लगाने खनिज व राजस्व विभाग की संयुक्त टीम इन दिनों लगातार कार्रवाई कर रही है। इसी कड़ी में शुक्रवार 18 अप्रैल को खनिज विभाग की टीम ने चांपा हनुमान धारा के पास हसदेव नदी में दबिश दी। इस दौरान अवैध उत्खनन में लगे चेन माउंटेन मशीन को पकडकर सील किया गया। वहीं परिवहन कार्य में लगे दो ट्रैक्टरों की जब्ती बनाई गई। उल्लेखनीय है कि इसके पूर्व पीथमपुर और बलौदा क्षेत्र में भी अवैध उत्खनन में लगे चेन माउंटेन को सील करके 4 हाइवा और आधा दर्जन से अधिक ट्रैक्टरों को जब्त किया गया था। इसके बाद भी जिले में रेत के अवैध उत्खनन और परिवहन कही थमने का नाम नहीं ले रहा है।



जब्त वाहन।

### रेत, चूना पत्थर व ईंट परिवहन में लगे 12 ट्रैक्टर जब्त

हसौद। तहसीलदार व उनकी टीम ने अवैध रेत, चूना पत्थर और ईंटों का परिवहन कर रहे एक दर्जन ट्रैक्टरों को जब्त कर बड़ी कार्रवाई की है। खनिज के अवैध परिवहन पर अंकुश लगाने के उद्देश्य से की गई इस कार्रवाई में जब्त किए गए सभी ट्रैक्टरों को हसौद थाना में सुपुर्द कर दिया गया है। सक्ती कलेक्टर एवं जिला दंडाधिकारी अमृत विकास तोपनों के निर्देशन पर हसौद तहसीलदार भीष्म कुमार पटेल व उनकी टीम लगातार अवैध उत्खनन और परिवहन के खिलाफ सक्रिय है। इसी क्रम में, 18 अप्रैल की तड़के सुबह तहसीलदार की टीम ने हसौद तहसील क्षेत्र से अवैध रेत परिवहन कर रहे 10 ट्रैक्टरों को धर दबोचा। इसके साथ ही, हसौद-सरसीवा मार्ग पर अवैध चूना पत्थर और ईंटें ले जा रहे दो अन्य ट्रैक्टरों को भी जब्त किया गया। अश्वनी पिता वेदराम साहू के ट्रैक्टर क्रमांक सीजी 06 ई 7367 में अवैध रेत, गणेश पिता दीलराम राज के जॉनडियर ट्रैक्टर में अवैध रेत, ललित पिता भुवनलाल साहू के ट्रैक्टर क्रमांक सीजी 04 डीएम 8796 में अवैध रेत, धुरंधर पिता सुखलाल साहू के महिंद्रा ट्रैक्टर में अवैध रेत, हरीश पिता टेकलाल के आइशर ट्रैक्टर में अवैध रेत, राजू पिता सुमित चंद्रा के आइशर ट्रैक्टर में अवैध रेत, तिलक पटेल के आइशर ट्रैक्टर में अवैध रेत, ट्रैक्टर क्रमांक सीजी 22 जी 9820 में अवैध रेत और एक न्यू हॉलैंड ट्रैक्टर में अवैध रेत परिवहन करते हुए पकड़ा गया। इसके अतिरिक्त, देवचरण भागीरथी साहू के महिंद्रा ट्रैक्टर में अवैध ईंटें और किशन हरिराम साहू के न्यूहॉलैंड ट्रैक्टर में अवैध चूना पत्थर परिवहन करते हुए पाए गए।

# संविधान निर्माता के बैनर को पहुंचाया नुकसान, ज्ञापन



ज्ञापन सौंपने पहुंचे लोग।

हरिभूमि न्यूज ⏭ नवागढ़

संविधान निर्माता ड़ा भीमराव अम्बेडकर जन्म जयंती पर नगर के प्रमुख स्थलों पर लगायें गये बैनर को असमाजिक तत्वों द्वारा फाड़ने से समर्थकों में व्यापक रोष है। कार्रवाई नहीं होने पर उग्र आंदोलन की चेतावनी दी है। असमाजिक तत्वों द्वारा नगर की शांति व्यवस्था बिगाड़ने की कोशिश की जा रही है। उन अज्ञात तत्वों के विरोध कठोर कार्रवाई करने समर्थकों ने थाने में जाकर ज्ञापन सौंपा कार्रवाई नहीं होने की स्थिति में उग्र प्रदर्शन करने की चेतावनी भी दी गई है।



# नवाजुद्दीन की 'कोस्टाओ' का ट्रेलर रिलीज...

**मुंबई।** नवाजुद्दीन की आगामी फिल्म 'कोस्टाओ' का ट्रेलर रिलीज हो चुका है। यह फिल्म 1990 के दशक के गोवा के एक निडर कस्टम अधिकारी की दिलचस्प कहानी है। फैंस काफी समय से नवाज की फिल्म का इंतजार कर रहे थे। ट्रेलर के साथ निर्माताओं ने इसके प्रीमियर की डेट की भी घोषणा की है। निर्माताओं द्वारा जारी किए गए ट्रेलर में नवाजुद्दीन एक जिद्दी कस्टम ऑफिसर की भूमिका में नजर आए हैं, जो आजाद भारत में सोने की सबसे बड़ी स्मगलिंग का खुलासा करना चाहते हैं। इस रैकेट में बहुत शक्तिशाली लोग शामिल हैं। अंदर के लोगों की मिलीभगत के चलते वह खुद जाल में फंस जाते हैं।

लाइफ Style

# नुसरत

## बहुत खलता है जब लोग उठाते हैं सवाल

एजेंसी ▶▶ मुंबई



'लव सेक्स और धोखा' से अपने करियर की शुरुआत करने वाली नुसरत भरूचा को 'प्यार का पंचनामा' और 'सोनू के टीटू की स्वीटी' में काफी पसंद किया गया। मगर बहुत जल्द ही नुसरत 'जनहित में जारी है', 'अकेली' और 'छोरी' जैसी फिल्मों से महिला मुद्दों को आगे ले जाने वाली हीरोइन बन गईं।

नुसरत की फिल्में 'जनहित में जारी' हो या 'अकेली' या फिर फिल्म 'छोरी 2' हमेशा महिला मुद्दों की बात करती है, मगर उनको निजी तौर पर लड़की होने के नाते क्या बात परेशान करती है? इस सवाल पर वह कहती हैं, 'लड़की होने के नाते मुझे बहुत सारी बातें परेशान करती हैं, मगर मेरी जिंदगी की लड़ाई भी नहीं कह सकती, मगर एक संघर्ष कहूं या फिर लगातार होने वाली बात है, जो मैं सालों से सुन रही हूं कि शादी कर लो, सेटल हो जाओ। गृहस्थी बसा लो। अब इस घर में मैं रह रही हूं। ये मेरा अपना घर है। मैं अपने पैरेंट्स की देखभाल कर ही रही हूं, तो ऐसा क्या है, जो मैं सेटल नहीं हूं। लोगों को को ऐसा क्यों लगता है कि मुझे शादी करके पति का घर संभाल कर उसकी चीजें करके ही सेटलमेंट का अहसास होगा। और उसी से सोसाइटी में लोगों को लगेगा कि सब ठीक है। अब ये सेटल है। वो जो लड़कियों को देखने वाल ऑप्टिक लेंस है, न मुझे उससे दिक्कत है। मैं शादी के खिलाफ नहीं हूं। अगर मुझे कल को कोई अच्छा लड़का मिल जाए, तो कल कर लूंगी। मुझे प्यार हो जाए, तो मैं मंदिर में जाकर शादी कर लूं। मगर जब लोग मुझसे कहते हैं, 'अभी तक शादी नहीं हुई?', 'अकेली रहती हो? अच्छा !' ये नजरिया जो है, वो बहुत खलता है।

हॉलीवुड मसाला



# लेबनान में 'स्नो व्हाइट' पर लगा प्रतिबंध

**लॉस एंजिल्स।** लेबनान ने डिज्नी की आगामी लाइव-एक्शन फिल्म 'स्नो व्हाइट' को सिनेमाघरों में प्रदर्शित करने पर रोक लगा दी है। इस फैसले की वजह फिल्म में इस्त्राइल अभिनेत्री गैल गैडोट की कास्टिंग है। फिल्म में उन्होंने दुष्ट रानी (ईविल क्वीन) का किरदार निभाया है। यह निर्णय लेबनान के गृहमंत्री अहमद अल-हज्जर ने लिया है। लेबनान की फिल्म और मीडिया निगरानी संस्था की सिफारिश के बाद यह कदम उठाया गया। गैल गैडोट लंबे समय से लेबनान की 'इजरायल बॉयकॉट लिस्ट' में शामिल हैं।



# मधुमेह के कारण हुई थी मौत...

**लॉस एंजिल्स।** मिशेल ट्रैचेनबर्ग ने अपने अभिनय करियर की शुरुआत एक बाल कलाकार के रूप में की थी, जब उनकी मृत्यु हुई तो वह सिर्फ 39 साल की ही थीं। इतनी छोटी उम्र में मिशेल के निधन से उनके सभी चाहने वाले दुखी थे। वहीं, अब जाकर न्यूयॉर्क सिटी के मेडिकल परीक्षक कार्यालय की एक रिपोर्ट सामने आई है। मेडिकल परीक्षक कार्यालय ने बुधवार को एक बयान में कहा है कि अभिनेत्री मिशेल ट्रेचटेनबर्ग की मृत्यु मधुमेह की जटिलताओं के कारण हुई थी। 39 वर्षीय मिशेल, जो 'गॉसिप गर्ल' और 'बफी द वैम्पायर स्लेयर' जैसे शो के लिए जानी जाती थीं, फरवरी में मैनहट्टन के अपने अपार्टमेंट में बेहोशी की हालत में पाई गई थीं। शुरू में उनकी मृत्यु का कारण साफ नहीं हो पाया था, लेकिन प्रयोगशाला परीक्षणों के बाद इसे मधुमेह से जोड़ा गया।



# 'नो एंट्री' के सीक्वल में हुई तमन्ना की एंट्री

**मुंबई।** बॉलीवुड की यादगार कॉमेडी फिल्मों में शुमार 'नो एंट्री'का अब अगला भाग बनने की तैयारी में है। पिछले काफी वक्त से फैंस 'नो एंट्री' के सीक्वल का इंतजार कर रहे थे, लेकिन अब अंततः ये होने जा रहा है। फिल्म को लेकर अब लगातार नई-नई जानकारियां भी सामने आ रही हैं। अब मीडिया रिपोर्ट्स के हवाले से एक और खबर सामने आ रही है कि 'नो एंट्री 2' में बॉलीवुड की इस खूबसूरत हसीना की भी एंट्री हो गई है।'नो एंट्री 2' में अब इंडस्ट्री के बड़े सितारों की एंट्री हो रही है।, अब 'नो एंट्री 2' में बॉलीवुड एक्ट्रेस तमन्ना भाटिया की भी एंट्री हो गई है। तमन्ना फिल्म में प्रमुख किरदार में नजर आ सकती हैं। इन रिपोर्ट्स की मानें तो यह तमन्ना की कॉमेडी में वापसी का प्रतीक है और वह इसे लेकर काफी उत्साहित हैं।



# जाट की सफलता के बाद जाट-2 का ऐलान

**मुंबई।** अभिनेता सनी देओल की एक्शन ड्रामा फिल्म 'जाट' 10 अप्रैल को सिनेमाघरों में रिलीज हुई थी। फिल्म की रिलीज को अभी हफ्ता भरा ही हुआ है कि फिल्म मेकर्स से इसके सीक्वल की घोषणा भी कर दी है, जिसका टाइटल होगा 'जाट 2'। माइथ्री मूवी मेकर्स ने एक्स पर जाट के सीक्वल की जानकारी देते हुए एक पोस्टर जारी किया है, जिस पर बोल्ड अक्षरों में जाट 2 लिखा दिखाई दे रहा है। माइथ्री मूवी मेकर्स ने एक्स पर इस एक तस्वीर के साथ लिखा, जाट बॉक्स ऑफिस पर धमाल मचाने के बाद आराम नहीं कर रहा है। वह एक नए मिशन पर है। फिल्म का निर्देशन गोपीचंद करेंगे। फिल्म का निर्माण मिथ्री ऑफिशियल और पीपल मीडिया एफसीवाई करेगा। एक्स अकाउंट पर माइथ्री मूवी मेकर्स द्वारा पोस्ट पर खासतौर पर सनी देओल का नाम बोल्ड अक्षरों में लिखा दिखाई दे रहा है।

टीवी मसाला



# टीआरपी लिस्ट में 'ये रिश्ता क्या कहलाता है' को लगा तगड़ा झटका

**नई दिल्ली।** अगर आप हिंदी टीवी सीरियल देखने के शौकीन हैं और इस बात को जानने में दिलचस्पी रखते हैं कौन सा सीरियल अच्छा कर रहा है, कौन सा नहीं, तो इस हफ्ते की टीआरपी लिस्ट जारी हो गई है। इस हफ्ते की टीआरपी लिस्ट में स्टार प्लस का सीरियल उड़ने की आशा नंबर 1 पर है। इसकी टीआरपी 2 है। पिछले हफ्ते भी स्टार प्लस का शो 2.2 टीआरपी के साथ नंबर 1 पर था। पिछले हफ्ते की तरह ही इस बार भी नंबर 2 पर स्टार प्लस का सीरियल अनुपमा है। पिछले हफ्ते अनुपमा की टीआरपी रेटिंग 2 थी। इस बार तीसरे नंबर पर कलर्स का शो लक्ष्मी का सफर है। पिछले हफ्ते लक्ष्मी का सफर नंबर चार पर था। पिछले हफ्ते शो की रेटिंग 1.7 थी। इस हफ्ते शो की टीआरपी 1.8 है। कलर्स का शो लक्ष्मी का सफर इस हफ्ते स्टार प्लस के सीरियल ये रिश्ता क्या कहलाता है को मात देकर नंबर तीन पर अपनी जगह बनाई है। वहीं, नंबर चार पर इस हफ्ते ये रिश्ता क्या कहलाता है। पांचवे नंबर पर कलर्स का टीवी सीरियल मंगल लक्ष्मी है। छठे नंबर पर स्टार प्लस का सीरियल जादू तेरी नजर है। वहीं, सातवें नंबर पर एडवोकेट अंजलि अवस्थी है। स्टार प्लस के सीरियल झनक की टीआरपी में लगातार गिरावट देखने को मिल रही है। इस हफ्ते झनक 8वें नंबर पर है। सब टीवी का सीरियल तारक मेहता का उल्टा चश्मा 9वें नंबर पर है। वहीं, 10 वें नंबर पर कलर्स का टीवी सीरियल मन्नत है।

## झनक की टीम चांदनी को नहीं करती है पसंद

**नई दिल्ली।** स्टार प्लस के सीरियल झनक में हर रोज नए ट्विस्ट और टर्न आते रहते हैं। ये ट्विस्ट और टर्न दर्शकों को खूब पसंद आते हैं। यही वजह है कि सीरियल ने अपने 500 एपिसोड्स पूरे कर लिए हैं। झनक सीरियल ने हाल ही में 500 एपिसोड्स पूरे किए हैं। इस मौके पर सेट पर जश्न का माहौल देखने को मिला। केक कटिंग के दौरान सेट पर मीडिया भी मौजूद रही। वहीं, जश्न की तस्वीरें और वीडियो भी सामने आए। झनक के सेट पर मनाए गए जश्न को लेकर नेशनल रिपोर्टर नाम के पोर्टल में दावा किया गया कि जश्न के दौरान शो में अर्शी का किरदार निभाने वाली चांदनी शर्मा को सीरियल की टीम ने इग्नोर किया। दावा किया गया था कि जब केक कटिंग हुई तो वहां सीरियल के सभी चेहरे नजर आ रहे थे, लेकिन अर्शी उस दौरान मौजूद नहीं थीं। रिपोर्ट्स में दावा किया गया था चांदनी सेट पर थीं, फिर भी उन्हें केक कटिंग के लिए नहीं बुलाया गया। कहा गया कि चांदनी शर्मा को मेकर्स उतना भाव नहीं देते हैं।



# हर दिन कुछ नया सीखना जिंदगी को करता है समृद्ध : अमिताभ

मुंबई। अमिताभ बच्चन ने हाल ही में नई पीढ़ी को संस्कार सिखाने की अहमियत पर अपने विचार साझा किए। 82 साल के इस दिग्गज अभिनेता का मानना है कि आज के तेजी से बदलते दौर में पारंपरिक मूल्यों का महत्व कम होता जा रहा है। उन्होंने जोर देकर कहा कि हमें युवाओं को नैतिकता और सांस्कृतिक मूल्यों की शिक्षा देनी चाहिए। अमिताभ ने अपने ताजा ब्लॉग में लिखा, 'हर दिन कुछ नया सीखना जिंदगी को समृद्ध करता है। यह सीख युवाओं से, नई पीढ़ी से या किसी भी पीढ़ी से आ सकती है, लेकिन इसका मूल्य सिर्फ भौतिक नहीं, बल्कि नैतिक और सांस्कृतिक भी होता है।' बिग बी के मुताबिक संस्कार वह शक्ति है जो हमारे व्यवहार को दिशा देती है। यह वह शिक्षा है जो हमें हमारे पूर्वजों ने अपने व्यवहार, मार्गदर्शन और आचरण से दी।

***बिग बी ने समय के महत्व पर की बात :*** उन्होंने संस्कार को जीवन की शोभा बताया, जो हमें यह सिखाता है कि कब और कहां कैसा व्यवहार करना चाहिए। अमिताभ ने लिखा, 'संस्कार हमारे जीवन को अंत तक प्रभावित करते हैं। यह सिर्फ इंसानों तक सीमित नहीं, बल्कि हर प्राणी और पर्यावरण तक फैला है।' अमिताभ ने समय के महत्व पर भी बात की। उन्होंने कहा, 'जब समय कम होता है तो हम सबसे ज्यादा काम कर लेते हैं, लेकिन जब समय की कमी नहीं होती तो काम शुरू ही नहीं होता।' अमिताभ के मुताबिक हम अक्सर कहते हैं कि 'कल करेंगे', लेकिन वह 'कल' कभी नहीं आता। इस आलस्य को वह क्षमा लायक नहीं मानते हैं। उन्होंने अपने अनुभव साझा करते हुए कहा कि वह भी कई बार समय के इस जाल में फंस जाते हैं, लेकिन वह अपने दिमाग की इस लड़ाई को जीतने की कोशिश करते हैं।



**संस्कारों की कमी चिंता का विषय :** अमिताभ का मानना है कि आज के दौर में संस्कारों की कमी चिंताजनक है। उन्होंने नई पीढ़ी को यह संदेश दिया कि हमें अपने मूल्यों को जीवित रखना होगा। उन्होंने कहा, 'संस्कार वह शक्ति है जो हमें सही रास्ता दिखाती है। इसे अपनाने से ही हम अपने जीवन को सार्थक बना सकते हैं।'

# टाइम मैगजीन की लिस्ट में बॉलीवुड सितारे गायब

**लॉस एंजिल्स।** टाइम मैगजीन ने हर साल की तरह इस साल भी दुनिया के 100 प्रतिभाशाली लोगों की सालाना लिस्ट जारी कर दी है। साल 2025 की इस लिस्ट का इंतजार अब खत्म हो चुका है, जिसमें पहले शाहरुख खान से लेकर आलिया भट्ट तक ने बाजी मारी थी। दुखद ये है कि इस साल इस लिस्ट में किसी इंडियन सिलेब्रिटी का नाम नहीं है। बीते साल 2024 में बॉलीवुड की आलिया भट्ट का नाम इस टाइम मैगजीन के 100 प्रभावी लोगों की लिस्ट में शामिल था। वहीं, साल 2023 में 100 सबसे प्रभावशाली लोगों की लिस्ट में शाहरुख खान टॉप पर थे। शाहरुख खान को उनकी फिल्म 'पठान' के लिए 1.2 मिलियन वोट्स मिले थे। इनके अलावा दीपिका पादुकोण 2018 में इस लिस्ट में शामिल थीं। वहीं इस साल भी ये उम्मीद थी कि इस बार भी किसी न किसी इंडियन सिलेब्रिटी का नाम इस लिस्ट में होगा, लेकिन ऐसा हुआ नहीं।



***एड शीरन, स्कारलेट जोहानसन जैसे हॉलीवुड सितारे लिस्ट में :*** हॉलीवुड सिंगर एड शीरन, स्कारलेट जोहानसन, एडम स्कॉट, क्रिस्टन विग, रशीदा जोन्स, डिएगो लूना, डैनियल डेडवाइलर, होज़ियर और मोहम्मद रसूलोफ़ जैसे सितारे टाइम मैगज़ीन की दुनिया के 100 सबसे प्रभावशाली लोगों की सलाना लिस्ट में शामिल हैं।

## कॉमिक टाइमिंग और खास कॉस्ट्यूम के साथ गजब के हाव-भाव के लिए जाने जाते हैं

# पर्दे पर सबको हंसाने वाले चार्ली चैपलिन का जीवन दुखों और कठिनाइयों से भरा रहा

***लॉस एंजिल्स।*** *चार्ली चैपलिन के नाम से जिस कलाकार को दुनिया पर्दे पर देखती रही है और जिन्हें देखकर बिना हंसे शायद ही कोई रुके, उनकी अपनी पर्सनल लाइफ में ढेर सारे दुख और तकलीफें रही हैं। बिना बोले ही अपनी कला और एक्टिंग से दर्शकों के दिलों में कहानियां बुनने में माहिर और अपनी कॉमेडी से लोटपोट करने वाले चार्ली चैपलिन हंसी और कॉमेडी की दुनिया के बेताज बादशाह रहे हैं। हालांकि, बचपन में खेलने-कूदने की उम्र में उन्होंने जो तकलीफें झेली हैं, उसकी कल्पना भी करके इंसान सिहर उठे। चार्ली चैपलिन का पूरा नाम चार्ल्स स्पेंसर चैपलिन है, जो फिल्मी दुनिया के इतिहास में चार्ली चैपलिन के नाम से मशहूर रहे। पर्दे पर उनकी मौजूदगी ही दर्शक के मुस्कुराने की गारंटी हुआ करती थी। हंसाने में माहिर चैपलिन न केवल अपनी कॉमिक टाइमिंग बल्कि खास कॉस्ट्यूम के साथ गजब के हाव-भाव के लिए जाने जाते।*



## 'द ट्रैम्प' के जरिए दुनिया भर में एक आइकन बन गए

16 अप्रैल 1889 को उनका जन्म लंदन में हुआ था। वे अपने ऑनस्क्रीन किरदार 'द ट्रैम्प' के जरिए दुनिया भर में एक आइकन बन गए। लंदन में चैप्लिन का बचपन गरीबी और कठिनाइयों में बीता। उनके पिता की मौजूदगी से दूर उनकी मां आर्थिक रूप से काफी स्ट्रगल करती रही थीं। उन्हें 9 साल की उम्र से पहले दो बार वर्कहाउस (ब्रिटेन और आयरलैंड में, वर्कहाउस यानी गरीबों के लिए घर, एक संस्था जहां आर्थिक रूप से खुद का भरण-पोषण करने में असमर्थ लोगों को आवास और रोजगार की व्यवस्था की जाती थी।) भेजा गया था। वहीं, जब वह 14 साल के हुए तो तो उनकी मां को पागलखाने में भेज दिया गया था। चैपलिन ने काफी छोटी उम्र से ही प्रदर्शन करना शुरू कर दिया था और म्यूजिक हॉलों का दौरा करने के बाद एक स्टेज कलाकार और कॉमेडियन के रूप में काम किया।

***चैपलिन की फिल्में :*** उनकी पहली फीचर-लेंथ फिल्म 'द किड' (1921) थी, उसके बाद 'ए वूमन ऑफ पेरिस' (1923), 'द गोल्ड रश' (1925) और 'द सर्कस' (1928) आईं। उन्होंने शुरू में 1930 के दशक में साउंड फिल्मों में जाने से इनकार कर दिया, इसकी जगह 'सिटी लाइट्स' (1931) और 'मॉडर्न टाइम्स' (1936) बिना डायलॉग के बनाया। उनकी पहली साउंड फिल्म 'द ग्रेट डिक्टेटर'(1940) थी , जिसमें एडोल्फ हिटलर का व्यंग्य किया गया था।

## चार्ली ने चार शादियां की

चार्ली चैपलिन ने चार शादियां की थीं। उन्होंने मिल्ड्रेड हैरिस, लिटा ग्रे, पॉलेट गोडार्ड और फिर 1943 में ऊना ओ'नील से शादी रचाई। इनसे इन्हें 11 बच्चे हुए, जिनमें चार्ल्स, सिडनी, गेराल्डिन, माइकल, जोसेफिन, विक्टोरिया, यूजीन और क्रिस्टोफर आदि शामिल हैं।

## मां को भेज दिया गया पागलखाने

सितंबर 1898 में, हन्ना को केन हिल मेंटल हॉस्पिटल में भेज दिया गया। सिफिलिस और कुपोषण के संक्रमण से मेंटल प्रॉब्लम हो गई थी। दो महीने तक वह वहां रही, चैप्लिन और उसके भाई सिडनी को अपने पिता के साथ रहने के लिए भेजा गया। चार्ल्स सीनियर तब तक गंभीर रूप से शराबी हो चुके थे और वहां का जीवन इतना बुरा था कि बच्चों के प्रति क्रूरता को रोकने के लिए राष्ट्रीय सोसायटी को वहां जाना पड़ा। चैपलिन के पिता की दो साल बाद, 38 साल की उम्र में, लीवर के सिरोसिस से मृत्यु हो गई।

## अमेरिकी छोड़ने के लिए किया गया फोर्स

1940 का दशक चैपलिन के लिए कॉन्ट्रोवर्सी से भरा रहा और उनकी पॉप्युलैरिटी में तेजी से गिरावट आई। उन पर कम्युनिस्ट सहानुभूति रखने का आरोप लगाया गया और प्रेस और जनता के कुछ सदस्य उनके पैटर्निटी मुकदमे में शामिल होने और काफी कम उम्र की महिलाओं से विवाह करने से नाराज थे। उनके खिलाफ एफबीआई की जांच शुरू हुई और उन्हें अमेरिकी छोड़ने के लिए फोर्स किया गया। साल 1952 में वो स्विट्जरलैंड में शिफ्ट हो गए। इसी के साथ उन्होंने फिल्मों में 'ट्रैम्प' वाले किरदार को भी छोड़ दिया, जिनमें 'मॉन्सियूर वर्दोक्स' (1947), 'लाइमलाइट '(1952), 'ए किंग इन न्यूयॉर्क' (1957) और 'ए काउंटेस फ्रॉम हांगकांग' (1967) शामिल हैं।


जो सफर इख्तियार करते हैं, वहीं मंजिल को पार करते है,
बस एक बार चलने का हौसला तो रखिए
ऐसे मुसाफिर का तो रास्ते भी इंतजार करते है।।
जांजगीर-चांपा क्षेत्र में विकास की नई गाथा लिखने वाले
प्रदेश के यशस्वी व संघर्षशील राजनेता, प्रखर वक्ता,
प्रदेश भाजपा के वरिष्ठ नेता
मा. नारायण चंदेल जी
पूर्व उपाध्यक्ष-छ.ग. विधानसभा, पूर्व नेता प्रतिपक्ष-छ.ग. विधानसभा
को जन्मदिन की
हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं...
कमलेश जांगड़े
सांसद जांजगीर-चांपा लोकसभा
गिरधर गुप्ता
पूर्व अध्यक्ष - खनिज न्यास निगम छ.ग.
खिलावन साहू
पूर्व विधायक सक्ती
नारायण कुर्रे
अध्यक्ष, नगर पंचायत नया बाराद्वार
अशोक कलानोरिया
पूर्व भाजपा जिला उपाध्यक्ष , जांजगीर चाम्पा
जितेश शर्मा
उपाध्यक्ष, नगर पंचायत नया बाराद्वार
आयुष शर्मा
सभापति, जिला पंचायत सक्ती
घासीराम बंसल
मोहन
हेमन्त बनाफर
कैलाश बंसल
दिनेश शर्मा
प्रदेश मंत्री-चेम्बर ऑफ कामर्स एण्ड इंडस्ट्रीज
अरविन्द तिवारी
गेंदराम मनहर
अन्नू राठौर
डॉ. खुटे
अंजनी जिंदल
योगेश
अरुण
अमित
पंकज सन्वाडिया
मेगनू भैना
डिम्पू
रविन्द्र
यादराम
शिवनाथ
पार्षदगण नगर पंचायत नया बाराद्वार
सौजन्य : प्रगति गारमेंटस कपड़ा दुकान, कन्या शाला रोड नया बाराद्वार मो. 9993801541

18 JANJ-JANJ PG-06_Layout 1 4/18/2025 10:14 PM Page 1



## खबर संक्षेप

### पीएम फसल बीमा योजना में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने पर सक्ती को मिला पुरस्कार



**सक्ती।** कृषि एवं किसान कल्याण मंत्रालय, भारत सरकार के कृषि एवं किसान कल्याण विभाग द्वारा प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना एवं पुनर्गठित मौसम आधारित फसल बीमा योजना के प्रभावी क्रियान्वयन की समीक्षा हेतु 12 वां राष्ट्रीय समीक्षा सम्मेलन आयोजित किया गया। यह सम्मेलन 18 और 19 अप्रैल को 'द लीला कोवलम', तिरुवनंतपुरम, केरल में संपन्न हुआ। इस दो दिवसीय सम्मेलन का उद्देश्य फसल बीमा योजनाओं की वर्तमान स्थिति का मूल्यांकन करना एवं भविष्य की रणनीतियों पर विचार-विमर्श करना है। सम्मेलन में देशभर के विभिन्न जिलों द्वारा इन योजनाओं के अंतर्गत किए गए कार्यों की समीक्षा की गई और श्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाले जिलों को राष्ट्रीय स्तर पर सम्मानित किया गया। इस श्रेणी में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने पर सक्ती के कलेक्टर अमृत विकास तोपनो ने यह पुरस्कार ग्रहण किया। इस वर्ष 'बड़े एवं मध्यम राज्य' श्रेणी के अंतर्गत उत्कृष्ट प्रदर्शन करने पर छत्तीसगढ़ के सक्ती और मोहला-मानपुर-अंबागढ जिला का चयन किया गया है। उक्त जिलों ने खरीफ 2023 तथा रबी 2023-24 सीजन के दौरान प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के सफल क्रियान्वयन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। इन्हें 18 अप्रैल को आयोजित पुरस्कार समारोह में सम्मानित किया गया।

### राहौद व्यापारी सेवा समिति छत्तीसगढ़ गौरव रत्न से सम्मानित



**राहौद।** जांजगीर में ईशिका लाईफ फाउंडेशन द्वारा आयोजित गौरव रत्न सम्मान समारोह समारोह में राहौद व्यापारी सेवा समिति को उनकी सतत सामाजिक सेवाओं, जनहित कार्यों और व्यापारिक क्षेत्र में योगदान के लिए छत्तीसगढ़ गौरव रत्न सम्मान से सम्मानित किया गया।
इस गरिमामयी कार्यक्रम में मध्य भारत की प्रसिद्ध लोक भजन गायिका शहनाज अख्तर , जांजगीर विधायक ब्यास कश्यप , मारवाड़ी युवा मंच के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष एवं भाजपा नेता अमर सुल्तानिया तथा इसीका लाइफ फाउंडेशन के संचालक गोपाल शर्मा की विशेष उपस्थिति में समिति के प्रतिनिधियों को यह सम्मान प्रदान किया। समारोह में व्यापारी सेवा समिति के सदस्य पवन बैराठी, यज्ञेश सिंह, कमल सिंह, हरिश देवांगन, नंदू चंदेल, विजेंद्र देवांगन, योगेश देवांगन, गोपी अग्रवाल, श्रवण साहू एवं आलोक अग्रवाल ने यह सम्मान गरिमामयी उपस्थिति में प्राप्त किया। गौरतलब है कि व्यापारी सेवा समिति राहौद पूर्व में भी अपनी निस्वार्थ सेवाओं के लिए जांजगीर-चांपा कलेक्टर , पामगढ़ विधायक महोदय , देव सेवा समिति खोखरा , मूक-बधिर स्कूल पामगढ़, एवं महिला फाउंडेशन पामगढ़ जैसी प्रतिष्ठित संस्थाओं द्वारा सम्मानित हो चुकी है। समिति की यह उपलब्धि न केवल राहौद, बल्कि पूरे जांजगीर-चांपा जिले के लिए गौरव का विषय है, और यह आने वाले युवाओं के लिए समाज सेवा की प्रेरणा बनकर मार्गदर्शन करती रहेगी।

## निधन

### बुधवारा बाई देवांगन

**बिर्रा।** ग्राम बिर्रा की प्रतिष्ठित महिला बुधवारा बाई देवांगन का शुक्रवार 18 अप्रैल को निधन हो गया। वे लगभग 100 वर्ष की थी। वे रामकिशोर देवांगन संकुल समन्वयक संकुल केंद्र बिर्रा के बड़ी मां थी। उनका अंतिम संस्कार भैंसा बाजार के पास स्थित मुक्तिधाम में किया गया। वह अभिषेक कुमार देवांगन बीमा अभिकर्ता भारतीय जीवन बीमा निगम के बड़ी दादी थी । उनके अंतिम यात्रा में स्वजातीय बंधुओं के अलावा ग्रामवासी एवं रिश्तेदार बड़ी संख्या में शामिल हुए।



तेरह किलोमीटर सड़क में जगह-जगह बने गड्ढे, मरम्मत को लेकर विभाग गंभीर नहीं

# तनौद-भुईगांव पहुंच मार्ग जर्जर, बारिश में कीचड़ व गर्मी में धूल से राहगीर परेशान

हरिभूमि न्यूज ⏭ तनौद

देवरी मोड़ से तनौद-भुईगांव की ओर जाने वाली सड़क जर्जर हो गया है। बरसात के दिनों में राहगीर कीचड़ और गर्मी के दिनों धुल से परेशान हो रहे हैं। 13 किलोमीटर सड़क में जगह-जगह बड़े बड़े गड्ढें होने से 15 से 20 मिनट की जगह घंटेभर का समय लग रहा है।

तनौद-भुईगांव 13 किलोमीटर सड़क राहगीरों व वाहन चालकों के लिए परेशानी का सबब बन गया है। समय से पहले पीडब्ल्यूडी विभाग द्वारा मरम्मत नहीं किया तो मानसूनी बारिश में बड़े से बड़े गड्ढे पोखर में तब्दील हो जाएंगे। सड़क में राहगीरों का चलने लायक नहीं बचा है। सड़क पर बने बड़े बड़े गड्ढों से राहगीर परेशान है। पीडब्ल्यूडी विभाग द्वारा मरम्मत के नाम हर वर्ष लाखों रुपए खर्च कर सड़क का डामरीकरण किया जाता है। नवंबर 23 में डामरीकरण किया गया था। छह महीने के अन्दर अब डामर उखड़ने से सड़क बड़े बड़े गड्ढों में तब्दील हो गया था। 2024 कमरीद से तनौद तक डामरीकरण के न तनौद नवागांव मोड़ से तीन किलोमीटर सड़क एक से दो फीट गड्ढे हो गए हैं। इससे आवाजाही में दिक्कत हो रही है, जिससे आयें दिन दुर्घटना होते रहती हैं।इसकी मुख्य सड़क पर बह रहा नल जल योजना तहत बनें पाईप लाईन व लिंकेज टेप नल का पानी है। जगह-जगह पाइप फट रहा है, जिससे मुख्य मार्ग सड़क खस्ताहाल है। क्षेत्रीय जनप्रतिनिधि खस्ताहाल सड़क पर रुचि नहीं दिखाते जिससे पीडब्ल्यूडी विभाग अधिकारी व ठेकेदार की मिली भगत के चलते घटिया डामरीकरण कर लाखों रुपए का खेल करते हैं, जिसका खामियाजा राहगीरों को भुगतना पड़ रहा है। क्षेत्र की बढ़ती हुई आबादी के अनुरूप सड़कों के दोनों किनारे नालियों का निर्माण नहीं हो रहा है, जिससे खोरसी के कुछ घरों का गंदा पानी सड़कों में बहनें से सड़क के बीचों बीच पानी का जमाव होने से बरसात की तरह मच्छरों का प्रकोप बढ़ रहा है। पीडब्ल्यूडी विभाग अधिकारी, कर्मचारी व क्षेत्रीय जनप्रतिनिधि जर्जर खस्ताहाल सड़क मरम्मत को लेकर गंभीर नजर नहीं आ रहे है।



सड़क में बने गड्ढे।



बैठक में उपस्थित विप्र समाज के लोग।

## भगवान परशुराम जन्मोत्सव पर निकलेगी भव्य शोभा यात्रा

हरिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर-चांपा

भगवान परशुराम जन्मोत्सव के अवसर पर बुधवार 30 अप्रैल को भव्य शोभा यात्रा निकाली जाएगी। शोभायात्रा की तैयारी के लिए ग्राम खोखसा में बैठक आयोजित की गई। इसमें तय हुआ कि ग्राम खोखसा के सभी महिला पुरुष एवं बच्चे सांस्कृतिक वेशभूषा में दक्षिण मुखी हनुमान मंदिर में शोभायात्रा में शामिल होंगे।

बैठक में भगवान परशुराम आयोजन समिति जांजगीर की ओर से मनोज पाण्डेय, आलोक शुक्ला, डॉक्टर सुनील शर्मा, महेश शर्मा, आशीष शर्मा, दीनानाथ उपाध्याय ने ग्राम खोखसा के विप्रजनों को शोभायात्रा में शामिल होने का निमंत्रण दिया। ग्राम खोखसा की बैठक में संतोष तिवारी ,अशोक तिवारी, नारायण पाण्डेय, त्रियुगी नारायण पाण्डेय, राजेश्वर दुबे, मारकंडे दुबे, राजकुमार दुबे, प्रांशु दुबे, निखिल दुबे, राजेंद्र दुबे, राम गोपाल दुबे, फलेश्वर दुबे ,देवी प्रसाद दुबे, संजय दुबे,राजेश तिवारी, धनंजय दुबे, राजेश दुबे , खीर प्रसाद दुबे, रामरतन पांडे अमन शर्मा सूरज पाण्डेय ,अमन शर्मा, सूरज पाण्डेय,दिनेश दुबे, संतोष मिश्रा, बनवारी दुबे, शिवम पाण्डेय, आशुतोष पाण्डेय, अश्वनी दुबे, अनु दुबे, वीरेंद्र दुबे, पुरुषोत्तम दुबे, शिवांगी दुबे, कमल दुबे हेमंत पाण्डेय, विजय दुबे उपस्थित थे।

## वरिष्ठ नागरिक मंच की मासिक बैठक में विभिन्न बिंदुओं पर चर्चा

हरिभूमि न्यूज ⏭ अकलतरा

वरिष्ठ नागरिक मंच की मासिक बैठक कुंवर भुवन भास्कर सिंह बालक पूर्व माध्यमिक विद्यालय परिसर में स्थित कार्यालय भवन में सम्पन्न हुई। बैठक में अप्रैल माह में जन्मतिथि वाले गजेंद्र नाथ सोनी का शाल श्री फल भेंट कर सम्मानित किया गया।

■ वरिष्ठ नागरिक मंच के द्वारा अप्रैल माह में जन्मदिन वाले सदस्यों का सम्मान किया गया

बैठक के दौरान केंद्रीय सहकारी बैंक अकलतरा शाखा में बुजुर्गों के बैठने के लिए विशेष व्यवस्था करने , वरीष्ठ नागरिकों के लिए नगर में पुस्तकालय खोलने एवं पुष्प वाटिका में सुविधा बढ़ाए जाने की मांग को लेकर नगर पालिका अध्यक्ष एवं सीएमओ को ज्ञापन सौंपने का निर्णय लिया गया। बैठक में दिल्ली में आयोजित मैराथन दौड़ में स्वर्ण पदक विजेता मंच के वरिष्ठ सदस्य 73 वर्षीय परसराम गोंड़ का सम्मान शाल श्री फल स्मृति चिन्ह व नगद राशि प्रदान कर किया गया। कार्यक्रम में श्रीमती आशालता सिंह, अध्यक्ष रामेन्द्र सिंह चौहान, आर सी मिश्रा, रामभरोस कैवर्त, धारी सिंह, महेश बनाफर, लव सिंह चंदेल, बजरंग लाल जायसवाल, ठाकुर राम देवांगन, परसराम गोंड़, दशरथ नामदेव, घनश्याम राजवाड़े, वीरेन्द्र जैन, दरस यादव, रामाधीन यादव, रमेश सोनी ,जयकुमार अग्रवाल, धनाराम साहु, भाऊलाल जायसवाल, डा जी पी दीक्षित, राकेश जैन , देव भूषण सिंह दीखित , ओम प्रकाश साहु सहित बहुतायत संख्या में मंच के सदस्य उपस्थित रहे।





बैठक में उपस्थित वरिष्ठ नागरिक मंच के पदाधिकारी।

## लीनेस क्लब ने शुरू किया प्याऊ, राहगीरों को पिलाई शरबत

हरिभूमि न्यूज ⏭ सक्ती

ऑल इंडिया लीनेस क्लब्स डिस्ट्रिक्ट सी एम -1संपदा सक्ती क्लब ने बढ़ती गर्मी को देखते हुए प्याऊ का शुभारंभ किया। अनीता सिंह के घर के पास जहां बस का ठहराव होता है वहां लोगों को शुद्ध ठंडा मटके का पानी मिल सके। आस पास के गांव के लोग खरीदी बिक्री के लिये आते है।

लीनेस क्लब के सदस्यों द्वारा समय-समय पर जनहित का कार्य किया जाता है। साथ ही बेजुबान पक्षियों के लिये सिकोरा भी पेड़ में बांध सब से अपील की। अपने अपने घर के बाहर एक मटका भर कर रखे ताकि आने जाने वाले राहगीरों को तपती गर्मी में पानी मिल सके एवं साथ ही जानवरों के लिये भी कोटना रखें एवं आने जाने वाले राहगीरों को शरबत पिलाया। इस अवसर पर लीनेस लक्ष्मी पांडे, अनीता सिंह, निधि सिंह, मनीषा भारद्वाज, ललिता साहु, अल्का कंवर, भगवती देवांगन, पूनम साहू,रामकुवंर साहू,मीरा देवांगन, विजया जायसवाल, गोपी जायसवाल, शालू पाहवा,रीता राज, सुमन सिंह एवं अन्य सदस्य उपस्थित रहे।



उपस्थित लीनेस क्लब के पदाधिकारी।

## अखण्ड राम नाम सप्ताह में मां दुर्गा कीर्तन मंडली प्रथम

हरिभूमि न्यूज ⏭ गोधना

ग्राम कांसा में सात दिवसीय राम नाम सप्ताह यज्ञ का आयोजन श्रद्धा और उत्साह के साथ किया गया। इस धार्मिक आयोजन में क्षेत्र की विभिन्न कीर्तन मंडलियों ने हिस्सा लिया और अपनी भक्ति, संगीत और अनुशासन से जनमानस को भाव-विभोर कर दिया। अंतिम दिन अखण्ड नवधा रामायण का फाइनल प्रतियोगितामें हुआ, जिसमें मां दुर्गा कीर्तन मंडली डूरूमगढ़ ने प्रथम पुरस्कार प्राप्त किया।

आयोजन का समापन पुरस्कार वितरण समारोह के साथ हुआ। विजयी मंडलियों को सम्मानित किया गया। मां दुर्गा कीर्तन मंडली, डूरूमगढ़ को प्रथम पुरस्कार 12 हजार, कृष्णा कृष्णा कीर्तन मंडली कोरकोटी को द्वितीय पुरस्कार 10 हजार, मां शीतला कीर्तन मंडली डोगरा को तृतीय पुरस्कार 8 हजार, जय मां समलाई कीर्तन मंडली नंगेडी को चतुर्थ पुरस्कार 7 हजार, नव युवक कीर्तन मंडली कोरदा पंचम पुरस्कार को 6 हजार, श्री राम कीर्तन मंडली कोलिहा को 5500, श्री राम कीर्तन मंडली गोधना 5100, जय गणेश कीर्तन मंडली साबर 5 हजार, जय तिवारी साहेब कीर्तन मंडली रोगदा को 4100, जय भवानी कीर्तन मंडली चोरभठ्ठी को 3500 सौ रुपए, राधा कृष्ण कीर्तन मंडली कोरकोटी को 3 हजार, जय मां डोकरी दाई कीर्तन मंडली घिवरा को सांत्वना पुरस्कार एवं जय मां गायत्री कीर्तन मंडली नेगूरडीह को सांत्वना पुरस्कार दिया गया। कार्यक्रम में राम भक्ति, सांस्कृतिक एकता और जन सहभागिता की अद्भुत छवि देखने को मिली। गांव के वरिष्ठ नागरिकों और यज्ञ समिति के सदस्यों ने बताया कि यह आयोजन रामनवमी के अवसर पर सद्भाव, परंपरा और भक्ति के संरक्षण हेतु हर वर्ष किया जाता है। राम नाम सप्ताह यज्ञ न केवल एक धार्मिक उत्सव है, बल्कि यह ग्रामवासियों को एकसूत्र में बांधने वाला सांस्कृतिक पर्व भी बन चुका है। राम नाम की गूंज और भक्ति की लहरों ने सभी को मंत्रमुग्ध कर दिया।

**खास बात**

■ ग्राम कांसा में आयोजित राम नाम सप्ताह यज्ञ में कीर्तन मंडलियों ने बांधा समां



अतिथि के हाथों पुरस्कार प्राप्त करती मंडली।









